Title: Need to expedite construction of Fertilizer plant at Gorakhpur, Uttar Pradesh by KRIBHCO- Laid.

योगी आदित्य नाथ (गोरखपुर): महोदय, काफी लम्बे समय से बन्द पड़े गोरखपुर खाद कारखाने की जगह कृभको द्वारा नया उर्वरक संयंत्र लगाए जाने की मंजूरी पिछली सरकार दे चुकी है। पूर्वांचल में कृषि उत्पादन को सीधे प्रभावित करने वाले इस खाद कारखाने की स्थापना सम्बन्धी स्वीकृति से तमाम किसानों में उत्साह तथा खुशी की लहर दौड़ गई थी।

सभी आवश्यक औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। अब मैं स्वयं तथा गोरखपुर मण्डल के तमाम लोगों की यही इच्छा है कि प्रधान मंत्री जी द्वारा नए संयंत्र का शिलान्यास शीघ्रातिशीघ्र करके लम्बे समय से अवरूद्ध क्षेत्र के भौतिक विकास को गति प्रदान की जाए।

बारहवीं लोक सभा में मेरे द्वारा समय-समय पर खाद कारखाने से सम्बन्धित उठाए गए मुद्दों पर गौर करते हुए, तत्कालीन सरकार ने कृभको द्वारा नया संयंत्र लगाने की मंजूरी दी थी, इसके लिए मैं पुनः माननीय प्रधान मंत्री जी को एवं सरकार को बधाई देता हूं और अनुरोध करता हूं कि कारखाने के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने हेतु प्रधान मंत्री जी जल्द से जल्द शिलान्यास कार्य सम्पन्न करने की कृपा करें।